1. 18. 3. 55	तीसरा भाव
+0. 14. 7. 58	षष्ठांश जोड़ा
2. 2. 11. 53	तीसरे भाव की संधि
+0. 14. 7. 58	षष्ठांश जोड़ा
2. 16. 19.51	चतुर्थ भाव

30 में से षष्ठांश घटाया

30. 0. 0	
14. 7. 58	
15. 52. 2	शेष
2. 16. 19. 51	चतुर्थ भाव
+0. 15. 52. 2	शेष जोड़ा
3. 2. 11. 53	चतुर्थ भाव की संधि
+0. 16. 52. 2	शेष जोड़ा
3. 18. 3. 55	पंचम भाव
+0. 15. 52. 2	शेष जोड़ा
4. 3. 55. 57	पंचम भाव की संधि
+0. 15. 52. 2	शेष जोड़ा
4. 19.47.59	षष्ठ भाव
+0. 15. 52. 2	शेष जोड़ा
5. 5. 40. 1	षष्ठ भाव की संधि
+0. 15. 52. 2	शेष जोड़ा
5. 21. 32. 3	सप्तम भाव

0. 19. 47. 59	दूसरा भाव
+6. 0. 0. 0	6 राशि जोड़ी
6. 19. 47. 59	आठवां भाग
1. 3. 55. 57	दूसरे भाव की संधि
+6. 0. 0. 0	6 राशि जोड़ी
7. 3. 55. 57	आठवें भाव की संधि
1. 18. 3. 55	तीसरा भाव
+6. 0. 0. 0	6 राशि जोड़ी
7. 18. 3. 55	नवम भाव
2. 2. 11. 53	तीसरे भाव की संधि
+6. 0. 0. 0	6 राशि जोड़ी
8. 2. 11. 53	नवम भाव की संधि
2.16.19. 51	चतुर्थ भाव
+6. 0. 0. 0	6 राशि जोड़ी
8. 16. 19.51	दशम भाव
3. 2. 11. 53	चतुर्थ भाव की संधि
+6. 0. 0. 0	6 राशि जोड़ी
9. 2. 11. 53	दशम भाव की संधि
3. 18. 3. 55	पंचम भाव
+6. 0. 0. 0	6 राशि जोड़ी
9. 18. 3. 55	एकादश भाव
4. 3. 55. 57	पंचम भाव की संधि
+6. 0. 0. 0	6 राशि जोड़ी
10. 3. 55. 57	एकादश भाव की संधि
4. 19.47.59	षष्ठ भाव
+6. 0. 0. 0	6 राशि जोड़ी
10.19.47.59	द्वादश भाव
5. 5. 40. 1	षष्ठ भाव की संधि
+6. 0. 0. 0	6 राशि जोड़ी
11. 5. 40. 1	द्वादश भाव की संधि

इस प्रकार बारहों भाव स्पष्ट करके नीचे लिखे अनुसार भाव स्पष्ट चक्र बनाना चाहिए।

।। अथ द्वादश भाव स्पष्ट चक्रम ।।

1	0	2	0	3	0	4	0	5	0	6	0
11	0	0	0	1	2	2	3	3	4	4	5
21	5	19	14	18	2	16	2	18	3	19	5
32	40	47	7	3	11	19	11	3	55	47	40
3	1	59	58	55	53	51	53	55	57	59	1
7	**0**	**8**	**0**	**9**	**0**	**10**	**0**	**11**	**0**	**12**	**0**
5	6	6	7	7	8	8	9	9	10	10	11
21	5	19	3	18	2	16	2	18	3	19	5
32	40	47	55	3	11	19	11	3	55	47	40
3	1	59	57	55	53	51	53	55	57	59	1

* 0 संधि के लिए है।

चलित चक्र—चलित चक्र में 24 कोष्ठक बनाये जाते हैं। 12 कोष्ठक 12 भावों के एवं 12 कोष्ठक संधियों के। कुछ विद्वान जन्मकुण्डली की तरह 12 कोष्ठक ही बनाते है। वे संधिगत ग्रह को अगले भाव में लिख देते हैं। चलित चक्र बनाने के लिए हमने पीछे ग्रह स्पष्ट एवं भाव स्पष्ट किये थे। चलित चक्र बनाने के लिए हम पहले ग्रह स्पष्ट लेते हैं, फिर भाव स्पष्ट को। यदि ग्रह स्पष्ट भाव स्पष्ट के तुल्य या कम होगा तो उसी भाव में लिखा जायेगा। यदि स्पष्ट ग्रह संधि तुल्य या अगले भाव से कम होगा तो संधि में लिखा जायेगा।

उपरोक्त उदाहरण का चलित चक्र बनाते हैं।

ग्रह वाले कोष्ठक में सूर्य स्पष्ट 1/29/50/40/24 है और भाव स्पष्ट में तीसरा भाव 1/18/3/55 है। स्पष्ट सूर्य के अंश इससे अधिक हैं, अतः सूर्य तीसरे भाव की संधि में लिखा जायेगा।

चन्द्र स्पष्ट 5/10/44/48 है, सातवां भाव है 5/21/32/3। स्पष्ट है कि चन्द्र स्पष्ट के अंक छठे भाव के अंकों से अधिक हैं और सातवें भाव से कम, अतः चन्द्र षष्ठ भाव की संधि में लिखा जाएगा।

मंगल स्पष्ट है 4/6/51/32/36 और पांचवें भाव की संधि के अंक हैं 4/3/55/57 मंगल स्पष्ट के अंक इस से अधिक हैं, अतः मंगल षष्ठ भाव में होगा।

बुध स्पष्ट है 2/0/16/24/30 और तीसरे भाव की संधि के अंक हैं 2/2/11/53 ये बुध स्पष्ट से अधिक हैं, अतः बुध तीसरे भाव की संधि में लिखा जायेगा।

वृहस्पति स्पष्ट है 2/18/34/8, चौथा भाव है 2/16/19/31, ये अंक वृहस्पति के अंकों से कम हैं, अतः वृहस्पति चौथे भाव की संधि में लिखा जाएगा।

इष्टकालिक शुक्र स्पष्ट है 3/4/35/45/48 और ये अंक चौथे भाव की संधि से अधिक और पांचवें भाव से कम हैं, अतः शुक्र पंचम भाव में रहेगा।


शनि स्पष्ट है 4/2/14/36 पांचवें भाव की संधि है 4/3/55/57 ये अंक शनि स्पष्ट से अधिक हैं, अतः शनि पांचवें भाव की संधि में रहेगा।

इष्टकालिक राहु स्पष्ट है 5/8/16/48/28 और सातवां भाव है 5/21/32/3 राहु के अंक षष्ठ भाव की संधि से अधिक एवं सप्तम भाव से कम हैं, अतः राहु सप्तम भाव में लिखा जाएगा।


केतु स्पष्ट है 11/8/16/28/48 ये संख्या प्रथम भाव से कम और बारहवें भाव की संधि से अधिक है, अतः केतु प्रथम भाव (लग्न) में रहेगा। अब चलित चक्र बनाते हैं।

आगे पृष्ठ 123 पर चलित चक्र देखें।

चलित चक्र (24 कोष्ठक)



चलित चक्र (12 कोष्ठक)



वर्ग साधन

जन्मपत्रिका बनाने से हमें यह पता चल जाता है कि जातक के जन्म लेने के समय कौन-सा ग्रह किस स्थिति में था। ग्रहों की स्थिति के पश्चात् हम उन के बलाबल का ज्ञान प्राप्त करते हैं, क्योंकि ग्रहों के बलाबल के आधार पर ही हम उनके द्वारा देय फल की स्थिति से अवगत हो सकते हैं। ग्रहों के बल को जानने के लिए ही षड्वर्ग, सप्त वर्ग, अष्टक वर्ग एवं दश वर्ग साधन किए जाते हैं। वर्ग साधन के पश्चात हम ग्रह की शक्ति, प्रभाव और कारकता को जान लेते हैं।

ये दश वर्ग हैं—लग्न, होरा, द्रेष्काण, सप्तमांश, नवमांश, दशमांश द्वादशांश, षोडशांश, त्रिशांश और षष्ठ्यांश। इनमें भी सप्त वर्ग विशेष महत्व के हैं, लग्न, होरा, द्रेष्काण, सप्तमांश, नवमांश, द्वादशांश, त्रिशांश। कुछ ज्योतिर्विद् षड् वर्ग साधन तक ही करते हैं।

लग्न एक स्थूल बिन्दु है, इसे सूक्ष्म स्तर पर लाने के लिए ही हम लोग वर्ग साधन करते हैं। दिन-रात में 60 घटी होती हैं तथा 12 राशियां उदित होती हैं। इस प्रकार एक लग्न (राशि) का लगभग 5 घटी का समय होता है। होरा एक राशि के दो भाग को कहते हैं। द्रेष्काण में हम एक राशि के तीन भाग कर लेते हैं, सप्तमांश में 7, नवमांश में 9 एवं त्रिशांश में 30 भाग कर लेते हैं।

होरा—राशि के दो भाग करने को होरा कहते है। एक राशि में 30° अंश होते हैं तो 15°, 15° अंशों की दो होरा एक राशि में होती हैं। ये होरा सूर्य और चन्द्र की होती हैं।

सम राशियों में—वृष, कर्क, कन्या, वृश्चिक, मकर, मीन—इन की

पहली होरा (1 से 15 अंशों तक) चन्द्रमा की और दूसरी होरा (15 से 30 अंशों तक) सूर्य की होती है।

विषम राशियों में—मेष, मिथुन, सिंह, तुला, धनु तथा कुम्भ में पहली होरा (1 से 15 अंशों) तक सूर्य की तथा दूसरी (16 से 30 अंशों तक) चन्द्रमा की होती है।

मेष	मिथुन	सिंह	तुला	धनु	कुम्भ	अंश
5	5	5	5	5	5	1 से 15 अंश तक
4	4	4	4	4	4	16 से 30 अंश तक

वृष	कर्क	कन्या	वृश्चिक	मकर	मीन	अंश
4	4	4	4	4	4	1 से 15 अंश तक
5	5	5	5	5	5	16 से 30 अंश

उदाहरण लग्न 11/21/32/3 अर्थात मीन राशि के 21 अंश 32 कला 3 विकला है। चक्र में मीन राशि के 15 अंशों तक चन्द्र की होरा तथा 16 से 30 तक सूर्य की होरा है, अतः लग्न (होरा लग्न) 5 सूर्य का माना जायेगा।


ग्रह स्थापित करने के लिए ग्रह स्पष्ट चक्र में देखा, सूर्य 1/29/50 14/32 अर्थात वृष के 29 अंश, अतः सूर्य को सूर्य की होरा 5 में लिखेंगे।

चन्द्र स्पष्ट है 5/10/44/48 अर्थात कन्या राशि के 10 अंश 44 कला और 48 विकला है। वृष में 16 से 30 अंशों तक सूर्य की होरा है इसलिए चन्द्र को भी सूर्य की होरा 5 में ही लिखेंगे। मंगल स्पष्ट है 4/6/51/35/36 अर्थात सिंह राशि के 6 अंश 5 कला 35 विकला और 36 प्रति विकला। सिंह में 5 अंशों तक सूर्य की होरा होने से मंगल भी सूर्य की होरा में ही रहेगा। बुध स्पष्ट है 2/0/16/24/30 यानि मिथुन के 0 अंश 16 कला 24 विकला और 30 प्रति विकला। यह भी सूर्य की होरा में रहेगा। वृहस्पति स्पष्ट है 2/18/34/8 यह चन्द्र की होरा में ही लिखा जायेगा, क्योंकि मिथुन में 16 से 30 अंश तक चन्द्र की होरा है। शुक्र स्पष्ट है

3/4/35/45/48, कर्क के 4 अंश 35 कला 45 विकला और 48 प्रति विकला। इसलिए चन्द्र की होरा में लिखा जायेगा। शनि को सिंह राशि के 2 अंश 14 कला 36 विकला पर होने से सूर्य की होरा में लिखेंगे। राहु कन्या राशि के 8 अंश 16 कला 48 विकला और 18 प्रति विकला है, अतः इसे भी चन्द्र की होरा 4 में लिखेंगे। केतु स्पष्ट है 11/8/16/48/28, अतः इसे भी चन्द्र की होरा में लिखेंगे।

नीचे उदाहरण कुण्डली का होराचक्र स्पष्ट किया जा रहा है।

॥ अथ होरा चक्रमिदम ॥



द्रेष्काण साधन

राशि के तीसरे भाग को द्रेष्काण कहा जाता है। एक राशि में 30 अंश होते हैं। इसके तीन भाग करने से 10-10 अंशों का एक भाग होगा। 1 से 10 अंश तक प्रथम द्रेष्काण, 11 से 20 अंश तक द्वितीय द्रेष्काण और 21 से 30 अंश तक तृतीय द्रेष्काण। इस प्रकार एक राशि में तीन द्रेष्काण होते हैं। हर राशि में प्रथम द्रेष्काण उसका स्वयं का रहता है, दूसरा पांचवी राशि का और तीसरा नवीं राशि का द्रेष्काण होता है। नीचे लिखे चक्र से यह भली भांति स्पष्ट हो जायेगा।

द्रेष्काण बोधक सारणी

मे	वृ	मि	क	सि	क	तु	वृ	ध	म	कु	म		अंश
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	प्रथम द्रे०	1 से 10 अंश
5	6	7	8	9	10	11	12	1	2	3	4	द्वितीय द्रे०	11 से 20 अंश
9	10	11	12	1	2	3	4	5	6	7	8	तृतीय द्रे०	21 से 30 अंश

हमारा उदाहरण लग्न है 11/21/ 2/3, सारणी में मीन के 21 से 30 अंश पर मीन का तीसरा द्रेष्काण है,और तीसरे द्रेष्काण की राशि है

वृश्चिक, अतः द्रेष्काण लग्न वृश्चिक राशि का रहेगा।

द्रेष्काण चक्र में ग्रह स्थापन के लिए भी यही विधि रहेगी। जैसे सूर्य स्पष्ट है वृष राशि के 29 अंश 50 कला14 विकला 32 प्रति विकला पर। सारणी में यह संख्या वृष के तीसरे द्रेष्काण में है और इस द्रेष्काण की राशि है मकर, अतः सूर्य मकर में लिखा जायेगा।


चन्द्र स्पष्ट है 5/10/44/48 जो कि कन्या के दूसरे द्रेष्काण अर्थात मकर राशि में रहेगा। मंगल स्पष्ट 4/6/51/35/36 है, सिंह के प्रथम द्रेष्काण अर्थात सिंह में ही लिखा जायेगा। बुध स्पष्ट 2/0/16/24/30 है मिथुन के प्रथम द्रेष्काण में तो मिथुन में ही रहेगा। बृहस्पति मिथुन के 18 अंश 34 कला 8 विकला होने से मिथुन के दूसरे द्रेष्काण यानि तुला राशि में लिखा जायेगा।

शुक्र स्पष्ट 3/4/45/48 है, यह कर्क के प्रथम द्रेष्काण में होने से कर्क राशि में ही रहेगा।

शनि स्पष्ट है 4/2/14/36/0, यह सिंह के प्रथम द्रेष्काण में होने से सिंह में लिखा जायेगा।

राहु स्पष्ट है 5/8/16/48/28, मीन के प्रथम द्रेष्काण में होने से यह कन्या में ही रहेगा।

॥ अथ द्रेष्काण चक्रमिदम् ॥




केतु स्पष्ट 11/8/16/48/28 है, मीन के प्रथम द्रेष्काण में रहने से यह भी मीन में लिखा जायेगा।

सप्तमांश साधन

एक राशि के सात भाग कर देने से हर भाग सप्तमांश या सप्तांश कहा जायेगा। प्रत्येक राशि में एक सप्तमांश 4°/17′/8″ का होता है। सप्तमांश में विषम राशि का प्रथम सप्तमांश उसका स्वयं का होता है और विषम राशि में उस राशि से सप्तम राशि का। सुविधा के लिए पृष्ठ 130 पर दी गई सारणी देखें।

सप्तमांश चक्र बनाने के लिए लग्न और ग्रहों के स्थापन के लिए प्रत्येक ग्रह के स्पष्ट मान से विचार करना पड़ता है। अब उदाहरण कुण्डली का सप्तमांश चक्र बनाने के लिए सर्वप्रथम लग्न को लेते हैं। लग्न है 11.21.32.3 सप्तमांश बोधक सारणी में देखा मीन के 21 अंश 25 कला और 32 विकला पर पांचवां सप्तमांश अर्थात मकर राशि है, किन्तु हमारी लग्न के अंश तो बराबर हैं, कलादि अधिक हैं, अतः अगला सप्तमांश अर्थात कुम्भ सप्तमांश लग्न होगा। लग्न कुण्डली की भांति चक्र बनाकर सूर्यादि ग्रहों को उनके स्पष्ट मान के अनुसार लिख देंगे। नीचे उदाहरण कुण्डली का सप्तमांश चक्र दिया जा रहा है।

॥ सप्तांश चक्रमिदम् ॥



नवमांश

—एक राशि के नवें भाग को नवमांश या नवांश कहा जाता

सप्तमांश बोधक सारणी

अंश-कला विकला	मेष	वृष	मिथुन	कर्क	सिंह	कन्या	तुला	वृश्चिक	धनु	मकर	कुम्भ	मीन
4/17/8	1	8	3	10	5	12	7	2	9	4	11	6
8/34/17	2	9	4	11	6	1	8	3	10	5	12	7
12/5/25	3	10	5	12	7	2	9	4	11	6	1	8
17/ 8/34	4	11	6	1	8	3	10	5	12	7	2	9
21/25/42	5	12	7	2	9	4	11	6	1	8	3	10
25/42/51	6	1	8	3	10	5	12	7	2	9	4	11
30/ 0/ 0	7	2	9	4	11	6	1	8	3	10	5	12


है। एक नवांश का मान होता है 3 अंश 20 कला अर्थात एक राशि के मान (घटी-पलों) का यह भाग समयात्मक रूप में है। ज्योतिष में राशियों को तीन खण्डों में विभाजित किया है, चर राशियां, स्थिर राशियां और द्विस्वभाव राशियां। मेष, कर्क, तुला और मकर चर राशियां हैं। वृष, सिंह, वृश्चिक और कुम्भ स्थिर राशियां हैं। मिथुन, कन्या, धनु और मीन द्विस्वभाव राशियां हैं। नवमांश बनाने का सूत्र है कि चर राशि का प्रथम नवांश उसकी अपनी राशि से प्रारम्भ होता है। स्थिर राशि का नवांश अपनी राशि से नवीं राशि से प्रारम्भ होता है तथा द्विस्वभाव राशि का नवांश अपनी राशि से पांचवीं राशि से प्रारम्भ होता है।

सुविधा के लिए हम एक चक्र बना लेते हैं।

नवमांश चक्र भी ठीक वैसे ही बनेगा जिस प्रकार हमने सप्तमांश चक्र बनाया था। इसे भी हम उपरोक्त उदाहरण पर घटित करते हैं। हमारा स्पष्ट लग्न है 11.21.32.3 इसे सारणी में देखने से ज्ञात हुआ कि मीन राशि के 20 अंश से 23 अंश 20 कला तक सातवां नवमांश अर्थात् मकर राशि है, अतः नवमांश लग्न मकर होगा।

उदाहरण कुण्डली का नवमांश चक्र नीचे लिखे अनुसार बनेगा।

॥ नवमांश चक्रमिदम् ॥



स्पष्ट सूर्य है 129/50/14 यह वृष के आखरी नवांश अर्थात कन्या में रहेगा। चन्द्र मेष में, मंगल मिथुन में, बुध तुला में, वृहस्पति मीन में, शुक्र सिंह में शनि मेष में, राहु मीन में तथा केतु कन्या में लिखा जाएगा।

पृष्ठ 132 पर नवमांश बोधक सारणी भी दी जा रही है।

॥ नवमांश बोधक सारणी ॥

अंश कलादि	मेष	वृष	मिथुन	कर्क	सिंह	कन्या	तुला	वृश्चिक	धनु	मकर	कुम्भ	मीन
3/20	1	10	7	4	1	10	7	4	1	10	7	4
6/40	2	11	8	5	2	11	8	5	2	11	8	5
10/00	3	12	9	6	3	12	9	6	3	12	9	6
13/20	4	1	10	7	4	1	10	7	4	1	10	7
16/40	5	2	11	8	5	2	11	8	5	2	11	8
20/00	6	3	12	9	6	3	12	9	6	3	12	9
23/20	7	4	1	10	7	4	1	10	7	4	1	10
26/40	8	5	2	11	8	5	2	11	8	5	2	11
30/00	9	6	3	12	9	6	3	12	9	6	3	12


दशमांश

एक राशि को समयात्मक रूप में जब दस भागों में बांट लेते तो उसके प्रत्येक भाग को दशमांश कहते हैं। दशमांश लग्न बनाने का सूत्र है कि विषम राशि में दशमांश लग्न उसी राशि से और सम राशि में नवम राशि से दशमांश लग्न की गणना की जाती है। दशमांश चक्र भी पहले की भांति बनेगा। लग्न स्पष्ट को सारणी में देखेंगे तो दशमांश निकल आएगा। ग्रह स्थापन के लिए उनके स्पष्ट मान का उपयोग होगा। दशमांश चक्र को सुविधा से बनाने के लिए दशमांश बोधक सारणी पृष्ठ 134 पर स्पष्ट की जा रही है।

पृष्ठ 134 परदी गई सारणी से अब हम उदाहरण कुण्डली का दशमांश चक्र बनाते हैं। हमारा उदाहरण लग्न है 11.21.32.3 इसे ज्ञान सारणी में देखा तो मीन राशि के नीचे और 24° अंश के सामने संख्या मिली 3। यह आठवां दशमांश मिथुन राशि का है, अत: दशम लग्न मिथुन होगा।

ग्रह स्पष्ट के अनुसार सूर्य वृष के 29° अंश पर है, अत: तुला में लिखा जाएगा। चन्द्र कन्या के 10 अंशों पर है, अत: सिंह में लिखा जाएगा। मंगल सिंह के 6 अंश और 51 कलादि पर होने से तुला मे लिखा जाएगा। बुध मिथुन के 0 अंश पर है, अत: मिथुन में ही रहेगा। बृहस्पति मिथुन के 18° अंश 34 कला पर है, अत: यह धनु में रहेगा। शुक्र कर्क का 4 अंश पर होने से मेष में रहेगा। शनि सिंह का 2 अंश पर होने से सिंह में ही लिखा जाएगा। राहु कन्या के 8 अंश पर होने से कर्क में तथा केतु मीन के 8 अंश पर होने से मकर में लिखा जाएगा।

॥ दशमांश चक्रमिदम् ॥



॥ दशमांश बोधक सारणी ॥


अंश कलादि	मेष	वृष	मिथुन	कर्क	सिंह	कन्या	तुला	वृश्चिक	धनु	मकर	कुम्भ	मीन
3/0	1	10	3	12	5	2	7	4	9	6	11	8
6/0	2	11	4	1	6	3	8	5	10	7	12	9
9/0	3	12	5	2	7	4	6	6	11	8	1	10
12/0	4	1	6	3	8	5	10	7	12	9	2	11
15/0	5	2	7	4	9	6	11	8	1	10	3	12
18/0	6	3	8	5	10	7	12	9	2	11	4	1
21/0	7	4	9	6	11	8	1	10	3	12	5	2
24/0	8	5	10	7	12	9	2	11	4	1	6	3
27/0	9	6	11	8	1	10	3	12	5	2	7	4
30/0	10	7	12	9	2	11	4	1	6	3	8	5

द्वादशांश साधन

जब एक राशि को बारह बराबर भागों में बांट लिया जाता है तो प्रत्येक भाग को द्वादशांश कहा जाता है। एक द्वादशांश 2°30 कला मान (चूंकि एक राशि में 30° अंश होते हैं) का रहेगा। द्वादशांश बनाने का सूत्र है कि राशि का पहला द्वादशांश उसका स्वयं का, दूसरा अगली राशि का, तीसरा उससे अगली राशि का आदि। इसे उदाहरण लग्न पर घटित करते हैं। उदाहरण लग्न है 11.21.32.3 सारणी में देखा तो मीन राशि के नीचे और 22° अंश तीस कला के सामने वृश्चिक राशि अर्थात् नवां द्वादशांश लग्न हुआ वृश्चिक राशि का।

इसी प्रकार अन्य स्पष्ट ग्रहों के मान लेकर ग्रह स्थापन करेंगे। सूर्य को मेष में, चन्द्र को मकर में, मंगल को तुला में, बुध को मिथुन में, गुरु को मकर में, शुक्र को सिंह में, शनि को सिंह में, राहु को धनु में और केतु को मिथुन में लिखेंगे। द्वादशांश बोधक सारणी पृष्ठ 136 पर देखें।

॥ द्वादशांश चक्रमिदम् ॥



षोडशांश साधन

यदि एक राशि को सोलह बराबर-बराबर भागों में विभक्त कर लिया जाए तो प्रत्येक भाग षोडशांश कहलाएगा। एक षोडशांश का मान 1 अंश 5 कला और 30 विकला होता है। षोडशांश लाने की गणितात्मक

द्वादशांश बोधक सारणी

अंश कलादि	मेष 0	वृष 1	मिथुन 2	कर्क 3	सिंह 4	कन्या 5	तुला 6	वृश्चिक 7	धनु 8	मकर 9	कुम्भ 10	मीन 11
2/30	1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12
5/00	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	1
7/30	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	1	2
10/00	4	5	6	7	8	9	10	11	12	1	2	3
12/30	5	6	7	8	9	10	11	12	1	2	3	4
15/00	6	7	8	9	10	11	12	1	2	3	4	5
17/30	7	8	9	10	11	12	1	2	3	4	5	6
20/00	8	9	10	11	12	1	2	3	4	5	6	7
22/30	9	10	11	12	1	2	3	4	5	6	7	8
25/00	10	11	12	1	2	3	4	5	6	7	8	9
27/30	11	12	1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
30/00	12	1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11

विधि है कि चर राशियों (मेष, कर्क, तुला, मकर) में प्रथम षोडशांश मेष से तथा स्थिर राशियों (वृष, सिंह, वृश्चिक एवं कुम्भ) का प्रथम षोडशांश सिंह राशि से तथा द्विस्वभाव राशियों मिथुन, कन्या, धनु, एवं मीन का प्रथम षोडशांश धनु राशि का माना जाता है।


।। षोडशांश बोधक सारणी ।।

चर मेष, कर्क, तुला, मकर	स्थिर वृष, सिंह, वृश्चिक, कुम्भ	द्विस्वभाव मिथुन, कन्या धनु, मीन	अंशादि
1	5	9	1/52/30
2	6	10	3/45/0
3	7	11	5/37/30
4	8	12	7/30/0
5	9	1	9/22/30
6	10	2	11/15/0
7	11	3	13/7/30
8	12	4	15/0/0
9	1	5	16/52/30
10	2	6	18/45/0
11	3	7	20/37/30
12	4	8	22/30/0
1	5	9	24/22/30
2	6	10	26/15/0
3	7	11	28/7/30
4	8	12	30/0/0

षोडशांश कुण्डली भी पूर्ववत ही बनेगी। लग्न स्पष्ट जिस राशि के षोडशांश में होगा, वही राशि लग्न में लिखी जाएगी। हमारा उदाहरण लग्न मीन के 21 अंश 32 कला और 3 विकला है। मीन द्विस्वभाव राशि है, इसका बारहवां षोडशांश 20/37/30 है। हमारा लग्न इससे अधिक मान का है, अतः तेरहवां षोडशांश अर्थात वृश्चिक राशि षोडशांश कुण्डली का लग्न होगा।

इसी प्रकार अन्य ग्रहों के स्पष्ट मान को भी षोडशांश बोधक सारणी में देखकर कुण्डली में स्थापित कर देना चाहिए। उदाहरण कुण्डली की षोडशांश कुण्डली में सूर्य वृश्चिक में, चन्द्र वृष में, मंगल वृश्चिक में, बुध धनु में, गुरु कन्या में, शुक्र मिथुन में, शनि कन्या में, राहु मेष में और केतु भी मेष में ही लिखा जायेगा।

॥ षोडशांश चक्रमिदम् ॥



त्रिशांश साधन

किसी भी एक राशि के तीसवें भाग को त्रिशांश कहते हैं। राशियों को गणित के अनुसार सम और विषम संख्यक माना गया है। मेष, मिथुन, सिंह, तुला, धनु और कुम्भ राशियां विषम संख्यक राशियां कही जाती हैं। वृष, कर्क, कन्या, वृश्चिक, मकर और कुम्भ राशियां समसंख्यक मानी गई हैं।

विषम राशियों में पहला त्रिशांश मंगल का 5° तक रहता है। दूसरा 6 से 10 तक शनि का, तीसरा 11° से 18° अंश तक गुरु का, चौथा 19° से 25° बुध का और पांचवा 26° से 30° तक शुक्र का होता है।

राशियों के अनुसार पहला त्रिशांश मेष राशि, दूसरा कुम्भ राशि, तीसरा धनु राशि, चौथा मिथुन राशि और पांचवां तुला राशि का रहता है।

सम राशियों में पहला त्रिशांश (5 अंश तक) शुक्र का, दूसरा (6 से

12 अंश तक) बुध का, तीसरा (13 से 20 अंश तक) गुरु का, चौथा 21 से 25 अंश तक) शनि का, पांचवां (26 से 30 अंश तक) मंगल का रहता है।

राशियों के अनुसार प्रथम त्रिशांश वृष राशि, दूसरा कन्या राशि तीसरा मीन राशि, चौथा मकर राशि और पांचवां वृश्चिक राशि का होता है।

॥ विषम राशि त्रिशांश बोधक सारणी ॥

मेष 0	मिथुन 2	सिंह 4	तुला 6	धनु 8	कुम्भ 10	अंशादि
1 मं	1 मं	1 मं	1 मं	1 मं	1 मं	1 से 5
11 श	11 श	11 श	11 श	11 श	11 श	6 से 10
9 वृ	9 वृ	9 वृ	9 वृ	9 वृ	9 वृ	11 से 18
3 बु	3 बु	3 बु	3 बु	3 बु	3 बु	14 से 25
7 शु	7 शु	7 शु	7 शु	7 शु	7 शु	26 से 30


॥ सम राशि त्रिशांश बोधक सारणी ॥

वृष 1	कर्क 3	कन्या 5	वृश्चिक 7	मकर 9	मीन 11	अंशादि
2 शु	2 शु	2 शु	2 शु	2 शु	2 शु	1 से 5 अंश
6 बु	6 बु	6 बु	6 बु	6 बु	6 बु	6 से 12 अंश
12 वृ	12 वृ	12 वृ	12 वृ	12 वृ	12 वृ	13 से 20 अंश
10 श	10 श	10 श	10 श	10 श	10 श	21 से 25 अंश
8 मं	8 मं	8 मं	8 मं	8 मं	8 मं	26 से 30 अंश

अब उदाहरण लग्न का त्रिशांश चक्र बनाते हैं। लग्न समराशि मीन का 21.32.3 है। यह चौथा त्रिशांश शनि की राशि मकर का है, अतः त्रिशांश लग्न मकर राशि होगा। इसी प्रकार अन्य ग्रहों की भी स्थापना

करनी चाहिए। सूर्य वृश्चिक में, चन्द्र कन्या में, मंगल कुम्भ में, बुध मेष में, वृहस्पति मिथुन में, शुक्र वृष में, शनि मेष में, राहु कन्या में तथा केतु भी कन्या में ही स्थित होगा।

।। त्रिशांश चक्रमिदम् ।।



षष्ट्यंश साधन

किसी भी राशि में साठ षष्ट्यंश होते हैं अर्थात् प्रत्येक षष्ट्यंश 30 कलामान का होता है। जिस लग्न या ग्रह का षष्ट्यंश साधन करना हो उसकी गणितात्मक विधि यह है कि राशि को छोड़कर अंश-कलादि की कलाएं बना लेनी चाहिएं। इस योगफल को 30 पर भाग देना चाहिए (चूंकि एक षष्ट्यंश 30 कला का होता है)। जो राशि आए, उसमें एक और जोड़ देने से षष्ट्यंश की राशि आ जाएगी। विषम राशि वाले ग्रह का देवतांश विषम देवतांश के नीचे और सम राशि वाले ग्रह का देवतांश समदेवतांश के नीचे मिलेगा।

प्रसंगवश हम षष्ट्यंश लाने की विधि समझ लेते हैं। यद्यपि आज इतने सूक्ष्म गणित को फलादेश में अधिक महत्व नहीं दिया जाता तथापि षष्ट्यंश कुण्डली ग्रहों की सूक्ष्म स्थिति का परिचय देती है और दशवर्ग कुण्डली बनाने एवं कुण्डली के फल का सही-सही मूल्यांकन करने में सहायक होती है।

जयपुर जिले में एक वयोवृद्ध ज्योतिषी थे। उनके पास "सिद्धान्त

चन्द्रिका" नामक ग्रन्थ देखने का सौभाग्य मिला था। उस ग्रन्थ में फलादेश का मुख्य आधार नवमांश कुण्डली को ही माना गया था। आज भी प्रायः कुछ विद्वत्जन नवमांश को ही सर्वाधिक महत्त्व देते हैं, क्योंकि नवमांश कुण्डली से ग्रहों की सही स्थिति पूर्णतः स्पष्ट हो जाती है।

उदाहरण लग्न से गणित द्वारा षष्ट्यंश बनाने के लिए क्रिया निम्न-रूपेण होगी।

लग्न = 11.21.32.3

राशि छोड़कर अंशों की कला बनाई—

$$\begin{array}{r} 21 \\ \times 60 \\ \hline 1260 \end{array}$$

$$1260+32=\frac{1292}{30}=43 \text{ लब्धि, शेष } =2$$

$$30)\overline{1292}(43$$
$$\begin{array}{r} 120 \\ \hline 92 \\ 90 \\ \hline 2 \end{array}$$

लब्धि में 1 जोड़ा = 43 + 1 = 44

मीन का 44वां षष्ट्यंश तुला राशि है, अतः षष्ट्यंश लग्न तुला राशि होगा। इसी प्रकार अन्य ग्रहों के भी षष्ट्यंश निकाल लेने चाहिएं।

सुविधा के लिए आगे पृष्ठ 142 पर षष्ट्यंश बोधक सारणी दी गई ।है इसमें लग्न राशि के नीचे 22 अंश (44वें) के सामने तुला राशि और देवतांश में अमृत लिखा है। इसी प्रकार सभी ग्रहों को स्थापित कर लेना चाहिए।

॥ षष्ट्यंश बोधक सारणी ॥


विषम देवता	योग संख्या	अंशादि	मे० 0	वृ० 1	मि० 2	क० 3	सिं० 4	क० 5	तु० 6	वृ० 7	ध० 8	म० 9	कुं० 10	मी० 11	सम देवता
घोर	1	0.30	1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	इन्दुरेखा
राक्षस	2	1. 0	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	1	भ्रमण
देव	3	1.30	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	1	2	पयोधि
कुबेर	4	2. 0	4	5	6	7	8	9	10	11	12	1	2	3	सुधा
यक्ष	5	2.30	5	6	7	8	9	10	11	12	1	2	3	4	शीतल
किन्नर	6	3. 0	6	7	8	9	10	11	12	1	2	3	4	5	अशुभ
भ्रष्ट	7	3.30	7	8	9	10	11	12	1	2	3	4	5	6	शुभ
कुलघ्न	8	4. 0	8	9	10	11	12	1	2	3	4	5	6	7	निर्मल
गरल	9	4.30	9	10	11	12	1	2	3	4	5	6	7	8	दण्डायुध
अग्नि	10	5. 0	10	11	12	1	2	3	4	5	6	7	8	9	कालाग्नि
माया	11	5.30	11	12	1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	प्रवीण
प्रेतपुरीश	12	6. 0	12	1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	इन्द्रमुख
जलपति	13	6.30	1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	दंष्ट्राकराल
देवगणेश	14	7. 0	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	1	शीतल
काल	15	7.30	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	1	2	मृदु

विषम देवता	योग संख्या	अंशादि	मे० 0	वृ० 1	मि० 2	क० 3	सिं० 4	क० 5	तु० 6	वृ० 7	ध० 8	म० 9	कुं० 10	मी० 11	सम देवता
अहि	16	8. 0	4	5	6	7	8	9	10	11	12	1	2	3	सौम्य
अमृत	17	8.30	5	6	7	8	9	10	11	12	1	2	3	4	काल
चन्द्र	18	9. 0	6	7	8	9	10	11	12	1	2	3	4	5	पातक
मृत्यु	19	9.30	7	8	9	10	11	12	1	2	3	4	5	6	वंशक्षय
कोमल	20	10.0	8	9	10	11	12	1	2	3	4	5	6	7	कुलनाश
पद्म	21	10.30	9	10	11	12	1	2	3	4	5	6	7	8	विष
लक्ष्मीश	22	11. 0	10	11	12	1	2	3	4	5	6	7	8	9	पूर्णेन्दु
वागीश	23	11.30	11	12	1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	अमृत
दिगम्बर	24	12. 0	12	1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	सुधा
देव	25	12.30	1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	कण्टक
आर्द्र	26	13. 0	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	1	अभय
कलिनाश	27	13.30	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	1	2	घोर
भूप	28	14. 0	4	5	6	7	8	9	10	11	12	1	2	3	दावाग्नि
समुद्र	29	14.30	5	6	7	8	9	10	11	12	1	2	3	4	काल
मान्दि	30	15. 0	6	7	8	9	10	11	12	1	2	3	4	5	मृत्यु

विषम देवता	योग संख्या	अंशादि	मे० 0	वृ० 1	मि० 2	क० 3	सि० 4	क० 5	तु० 6	वृ० 7	ध० 8	म० 9	कुं० 10	मी० 11	सम देवता
मृत्यु	31	15.30	7	8	9	10	11	12	1	2	3	4	5	6	मान्दि
काल	32	16. 0	8	9	10	11	12	1	2	3	4	5	6	7	समुद्र
दावाग्नि	33	16.30	9	10	11	12	1	2	3	4	5	6	7	8	भूप
घोर	34	17. 0	10	11	12	1	2	3	4	5	6	7	8	9	कलिनाश
भय	35	17.30	11	12	1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	आर्द्र
कण्टक	36	18. 0	12	1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	देव
सुधा	37	18.30	1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	दिगम्बर
अमृत	38	19. 0	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	1	वागीश
पूर्णेन्द्र	39	19.30	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	1	2	लक्ष्मीश
विष	40	20. 0	4	5	6	7	8	9	10	11	12	1	2	3	पद्म
कुलनाश	41	20.30	5	6	7	8	9	10	11	12	1	2	3	4	कोमल
वंशक्षय	42	21. 0	6	7	8	9	10	11	12	1	2	3	4	5	मृदु
पातक	43	21.30	7	8	9	10	11	12	1	2	3	4	5	6	चन्द
काल	44	22. 0	8	9	10	11	12	1	2	3	4	5	6	7	अमृत
सौम्य	45	22.30	9	10	11	12	1	2	3	4	5	6	7	8	अहि

विषम देवता	योग संख्या	अंशादि	मे० 0	वृ० 1	मि० 2	क० 3	सि० 4	क० 5	तु० 6	वृ० 7	ध० 8	म० 9	कुं० 10	मि० 11	सम देवता
मृदु	46	23. 0	10	11	12	1	2	3	4	5	6	7	8	9	काल
शीतल	47	23.30	11	12	1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	देव गणेश
दंष्ट्राकराल	48	24. 0	12	1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	जलपति
इन्द्रमुख	49	24.30	1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	प्रेत पुरीश
प्रवीण	50	25. 0	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	1	माया
कालाग्नि	51	25.30	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	1	2	गरल
दण्डायुध	52	26. 0	4	5	6	7	8	9	10	11	12	1	2	3	अग्नि
निर्मल	53	26.30	5	6	7	8	9	10	11	12	1	2	3	4	कुलघ्न
शुभ	54	27. 0	6	7	8	9	10	11	12	1	2	3	4	5	भ्रष्ट
अशुभ	55	27.30	7	8	9	10	11	12	1	2	3	4	5	6	किन्नर
शीतल	56	28.00	8	9	10	11	12	1	2	3	4	5	6	7	यक्ष
सुधा	57	28.30	9	10	11	12	1	2	3	4	5	6	7	8	कुबेर
पयोधि	58	29. 0	10	11	12	1	2	3	4	5	6	7	8	9	देव
भ्रमण	59	29.30	11	12	1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	राक्षस
इन्दुरेखा	60	30. 0	12	1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	घोर

॥ षष्ट्यंश चक्रमिदम् ॥



ग्रहों का निसर्ग-मैत्री विचार

ग्रहों के बलाबल का निर्णय करने के लिए पंचधा मैत्री चक्र बनाया जाता है। निसर्ग-मैत्री एवं तात्कालिक मैत्री का निर्णय लग्न कुण्डली से करके ही पंचधा मैत्री चक्र बनाना चाहिए। पंचधा मैत्री में ग्रहों की पांच स्थितियां स्पष्ट होती हैं। अतिमित्र, सम, शत्रु, अतिशत्रु।

ज्योतिष में सूर्य के गुरु, चन्द्र और मंगल मित्र, बुध सम, शुक्र व शनि शत्रु माने जाते हैं। चन्द्र के सूर्य, बुध मित्र एवं शुक्र, मंगल, गुरु, शनि सम माने जाते हैं। मंगल के सूर्य, चन्द्र और गुरु मित्र, शुक्र एवं शनि सम तथा बुध शत्रु हैं। बुध के सूर्य, शुक्र मित्र, शनि, गुरु एवं मंगल सम तथा चन्द्र शत्रु है। गुरु के सूर्य, चन्द्र, मंगल मित्र, शनि सम एवं बुध व शुक्र शत्रु हैं। शुक्र के बुध शनि मित्र, गुरु, सम एवं सूर्य व चन्द्र शत्रु हैं। शनि के बुध, शुक्र मित्र, गुरु सम तथा सूर्य, चन्द्र व मंगल शत्रु हैं।

सुविधा के लिए निसर्ग-मैत्री बोधक एवं तात्कालिक मैत्री बोधक सारणी आगे पृष्ठ 147 पर दी जा रही है।

॥ निसर्ग-मैत्री बोधक सारणी ॥

ग्रह	मित्र	सम	शत्रु
सूर्य	चन्द्र, मंगल, गुरु	बुध	शुक्र, शनि
चन्द्र	सूर्य, बुध	मंगल, गुरु, शुक्र, शनि	
मंगल	सूर्य, चन्द्र, गुरु	शुक्र, शनि	बुध
बुध	सूर्य, शुक्र	मंगल, गुरु, शनि	शनि
गुरु	सूर्य, चन्द्र, मंगल	शनि	बुध, शुक्र
शुक्र	बुध, शनि	मंगल-गुरु	सूर्य, चन्द्र
शनि	शुक्र, बुध	गुरु	सूर्य, चन्द्र, मंगल

॥ तात्कालिक मैत्री चक्र ॥

ग्रह	सूर्य	चन्द्र	मंगल	बुध	गुरु	शुक्र	शनि
मित्र	बु गु शु × श मं	बु गु शु × श मं	सू चं बु × गु शु	सू चं शु × श मं	सू चं शु × श मं	सू चं मं बु गु श	सू चं बु गु शु ×
शत्रु	चं	सू	श	गु	बु	×	मं

।। पंचधा मैत्री चक्रमिदम् ।।

ग्रह	सूर्य	चन्द्र	मंगल	बुध	गुरु	शुक्र	शनि
अधि-मित्रा	मं गु.	बु	सू चं गु	सू शु	सू चं मं	बु श	बु शु
मित्रा	बु	मं गु शु श	शु	मं श	श	मं गु.	गु
सम	शु श चं	सू	बु	चं	शु	सू चं	सू चं
शत्रु	×	×	श	गु	×	×	×
अधि-शत्रु	×	×	×	×	बु	×	मं

तात्कालिक मैत्री विचार की विधि है यह कि ग्रह जिस स्थान में स्थित होता है उससे दूसरे, तीसरे, चौथे, दसवें, ग्यारहवें एवं बारहवें स्थान पर स्थित ग्रह को मित्र समझता है तथा साथ में बैठे, पांचवें, छठवें, आठवें एवं नवें स्थान के ग्रहों को शत्रु समझता है।

निसर्ग-मैत्री और तात्कालिक मैत्री चक्र की सहायता से पचधा मैत्री चक्र बनाया जाता है। पंचधा मैत्री चक्र में पांच स्थितियां हुआ करती हैं। अतिमित्र, मित्र, सम, शत्रु एवं अतिशत्रु। यदि कोई ग्रह तात्कालिक और निसर्ग-मैत्री चक्र दोनों में किसी ग्रह का मित्र रहता है तो उसे अतिमित्र की संज्ञा दी जाती है।

जब कोई ग्रह किसी ग्रह की निसर्ग मैत्री में सम और तात्कालिक मैत्री में मित्र हो तो उसे मित्र की संज्ञा दी जाएगी। जब वह ग्रह निसर्ग-मैत्री से मित्र और तात्कालिक मैत्री से शत्रु हो तो उसे सम की संज्ञा दी जाएगी।

जब वही ग्रह निसर्ग-मैत्री चक्र में सम और तात्कालिक-मैत्री चक्र में शत्रु हो तो शत्रु और निसर्ग-मैत्री एवं तात्कालिक-मैत्री दोनों में शत्रु हो तो उसे ग्रह को अतिशत्रु संज्ञा दी जाएगी।

उपरोक्त कथन को सूत्र रूप में इस प्रकार समझना चाहिए।

मित्र+मित्र=अतिमित्र
मित्र+शत्रु=सम
मित्र+सम=मित्र
शत्रु+मित्र=सम
शत्रु+सम=शत्रु
शत्रु+शत्रु=अतिशत्रु

पंचधा मैत्री चक्र में ग्रहों का बल निम्न रूपेण माना गया है।

	कलादि बल
अतिमित्र=	22/30/0
मित्र=	15/0/0
सम=	7/30/0
शत्रु=	3/45/0
अतिशत्रु=	1/52/00
अपने ही भावों में हो तो=	30/0/0
उच्च का हो तो=	60/0/0
मूल त्रिकोण में हो तो=	45/0/0

दशवर्ग साधन

पीछे हम पंचधा मैत्री चक्र बनाना सीख चुके हैं। इसमें किस ग्रह का कितना बल होता है यह भी मालूम कर चुके हैं। आगे उसी विधि से ग्रहों का बल निकालना सीखेंगे। कोई ग्रह लग्न, होरा, द्रेष्काण आदि में पंचधा

मैत्री के अनुसार अपने स्वस्थान-शत्रुग्रही-मित्रग्रही आदि के विचार से जिस भाव में स्थित है उसके अनुसार बल का विचार करना भी जन्मपत्रिका में आवश्यक होता है। जैसे कोई ग्रह लग्न में या अन्य वर्ग में अधिशत्रु ग्रही है तो उसका बल पंचधा मैत्री चक्र के अनुसार 1/52 होगा। इसी प्रकार पंचधा मैत्री के अनुसार कुण्डली में स्थित सभी ग्रहों का प्रत्येक वर्ग में बल निकाला जाता है।

दशवर्ग में ग्रह (लग्न) होरा, द्रेष्काण, सप्तमांश, नवमांश, द्वादशांश, त्रिशांश, दशमांश, षोडशांश एवं षष्ट्यंश मान गए हैं।

अब हम उदाहरण कुण्डली का दशवर्ग चक्र बनाते हैं।

कुण्डली में सूर्य वृष राशि में है, वृष राशि का स्वामी शुक्र है तथा पंचधा मैत्री के अनुसार शुक्र सूर्य का सम ग्रह है। सम ग्रह का बल होता है 7/30/0, अतः ग्रह में सूर्य का बल 7/30/0 हुआ।

होरा कुण्डली में सूर्य सिंह राशि में है व सिंह सूर्य की अपनी राशि है, अतः सूर्य का बल 30/0/0 हुआ।

द्रेष्काण कुण्डली में सूर्य मकर राशि में है व मकर राशि का स्वामी है शनि। शनि पंचधा मैत्री के अनुसार सूर्य का सम है, अतः सूर्य का बल 7/30/0 हुआ।

सप्तमांश में सूर्य वृष राशि का है। वृष का स्वामी शुक्र पंचधा मैत्री के अनुसार सूर्य का सम है, अतः सूर्य बल 7/30/0 हुआ।

नवमांश कुण्डली में सूर्य कन्या राशि में है। पंचधा मैत्री के अनुसार कन्या राशि का स्वामी बुध सूर्य का मित्र है, अतः बल 15/0/0 हुआ।

द्वादशांश में सूर्य मेष राशि में है, मेष राशि का स्वामी मंगल पंचधा मैत्री के अनुसार सूर्य का अधिमित्र है, अतः बल 22/30/0 हुआ।

त्रिशांश कुण्डली में सूर्य वृश्चिक राशि का है, वृश्चिक राशि का स्वामी मंगल सूर्य का अधिमित्र है, अतः बल 22/30/0 हुआ।

दशमांश कुण्डली में सूर्य तुला राशि में है। तुला राशि का स्वामी शुक्र पंचधा मैत्री के अनुसार सूर्य का सम है, अतः सूर्य का बल 7/30/0 हुआ।

षोडशांश कुण्डली में सूर्य वृश्चिक राशि में है। वृश्चिक का स्वामी मंगल सूर्य का अतिमित्र होने से सूर्य का बल 22/30/0 हुआ।

॥ दशवर्गी बलबोधक चक्र ॥

वर्ग	सूर्य	चन्द्र	मंगल	बुध	गुरु	शुक्र	शनि
गृह	शु सम 7′/30″	बुध अ० मि० 22′/30″	सू अ० मि० 22′/30″	बु स्व 30/0	बु अ० शत्रु 1′/52″	चं सम 7′/30″	सू सम 7′/30″
होरा	सू स्व 30′/0	सू सम 7′/30″	सू अ० मि० 22′/30″	सू अ० मि० 22′/30″	चं अ० मि० 22′/30″	चं सम 7′/30″	सू सम 7′/30″
द्रेष्काण	श सम 7′/30″	श मित्र 15′/0″	सू अ० मि० 22′/30″	बु स्व 30′/0″	शु सम 7′/30″	च सम 7′/30″	सू सम 7′/30″
सप्तमांश	शु सम 7′/30″	शु मित्र 15′/0″	बु सम 7′/30″	बु स्व 30′/0″	शु सम 7′/30″	श अ० मि० 22′/30″	सू सम 7′/30″
नवमांश	बु मित्र 15′/0″	मं मित्र 15′/0″	बु सम 7′/30″	शु अ० मि० 22′/30″	गु स्व 30′/0″	सू सम 7′/30″	मं अ० शत्रु 1′/52″

वर्ग	सूर्य	चन्द्र	मंगल	बुध	गुरु	शुक्र	शनि
द्वादशांश	मं अ० मि० 22′/30″	श मित्र 15′/0″	शु मित्र 15′/0″	बु स्व 30′/0″	श मित्र 15′/0″	सू सम 7′/30″	सू सम 7/′″30
त्रिशांश	मं अ० मि० 22′/30″	बु अ० मि० 22/30	श शत्रु 3′/45″	मं मित्र 22′/30″	बु अ० शत्रु 1′/52″	शु स्व 30′/0″	मं अ० शत्रु 1′/52″
दशमांश	शु सम 7′/30″	सू सम 7′/30″	शु मित्र 22′/30″	बु स्व 30′/0″	गु स्व 30′/00″	मं मित्र 22′/30″	सू सम 7′/30″
षोडशांश	मं० अ० मि० 22′/30″	शु मित्र 15′/0″	मं स्व 30′/00	गु शत्रु 3′/45″	बु अ० शत्रु 1′/52″	बु अ० मि० 22′/30″	बु अ० मि० 22′/30″
षष्ट्यंश	मं अ० मि 22′/30″	बु अ० मि० 22′/30″	बु सम 7′/30″	बु स्व 30′/0″	चं अ० मि० 22′/30″	मं मित्र 15′/0″	गु मित्र 15′/0″
योग	2°/45′/0″	2°/37′/30″	2°/41′/15″	4°/11′/15″	2°/28′/36″	2°/30′/0″	1°/25′/14″

षष्ट्यंश कुण्डली में सूर्य मेष में है। मेष राशि का स्वामी मंगल, सूर्य का अतिमित्र है, अतः सूर्य का बल 22/30/0 हुआ।

इस प्रकार दशवर्ग में सूर्य का बल हुआ 2 अंश 45 कला। इसी प्रकार अन्य ग्रहों का बल भी निकाल लेना चाहिए।

पहले जो दशवर्ग चक्र बनाया है उसी के अनुसार दशवर्ग बल स्पष्ट किया जाएगा। इसमें जन्म के समय ग्रहों के बल का योग कर लेते हैं, जिससे हम कुण्डली के बल का मूल्यांकन कर सकते हैं।

दशवर्ग चक्र में गृह में सूर्य का बल 7′/30″ चन्द्र का 22′/30″ मंगल का 22′/30″ बुध का 30′/0″ गुरु का 1′/52″ शुक्र का 7′/30″ एवं शनि का 7′/30″ है। इनका योग किया तो योगफल आया 1°/39′/22″ यानि एक अंश उन्तालीस कला और बाईस विकला।

इसी प्रकार अन्य वर्गों के बल का भी योग कर लेना चाहिए ताकि उस वर्ग का पूर्ण बल ज्ञात हो जाए। उदाहरण कुण्डली का दशवर्ग चक्र निम्नरूपेण बनेगा।

॥ दशवर्ग बल चक्रमिदम् ॥

वर्ग	गृह	होरा	द्रेष्काण	सप्तमांश	नवमांश
बल	1° 39′ 22″	2° 0′ 0″	1° 37′ 30″	1° 37′ 30″	1° 39′ 52″

वर्ग	द्वादशांश	त्रिशांश	दशमांश	षोडशांश	षष्ट्यंश
बल	1° 52′ 30″	1° 45′ 39″	2° 7′ 30″	1° 59′ 57″	2° 15′ 0″

पारिजातादि संज्ञा-विचार

पारिजातादि संज्ञा ज्ञात करने के लिए दशवर्ग चक्र को उपयोग में लाया जाता है। इसकी विधि है—जो ग्रह, अपने गृह, उच्च के ही गृह या मित्र गृही होता है उसे स्वक्षादि संज्ञा दी जाती है। जो ग्रह दो बार स्वक्षादि हो उसे पारिजात, तीन बार होने से उत्तम, चार बार होने से गोपुर, पांच बार से देवलोक, आठ से ब्रह्म लोक, नौ से ऐरावत और दस बार होने से श्रीधाम संज्ञा होती है।

उदाहरण कुण्डली का पारिजातादि संज्ञाचक्र नीचे लिखे अनुसार बनेगा।

॥ पारिजातादि संज्ञा चक्रमिदम् ॥

ग्रह	सूर्य	चन्द्र	मंगल	बुध	गुरु	शुक्र	शनि
संज्ञा	पारावत	ब्रह्मलोक	पारावत	ऐरावत	सिंहासन	सिंहासन	पारिजात

चरकारक साधन

चरकारक साधन करने के लिए ग्रह स्पष्ट चक्र को ही माध्यम बनाया जाता है। राशि को छोड़कर मात्र अंशों को लेते हैं। जिस ग्रह के अंश सबसे अधिक होते हैं, उसे आत्मकारक ग्रह कहा जाता है। उससे कम अंशों वाला ग्रह अमात्यकारक, उससे कम अंशों वाला ग्रह भ्रातृकारक, उससे कम अंशों वाला ग्रह मातृकारक, उससे कम अंशों वाला ग्रह पुत्रकारक, उससे कम अंशों वाला जातिकारक तथा सबसे कम अंशों वाला ग्रह स्त्रीकारक माना जाता है।

उपरोक्त विवेचन को यदि हम उदाहरण पर घटित करें तो चरकारक चक्र निम्न प्रकार बनेगा।

॥ चरकारक चक्रमिदम् ॥


ग्रह	सू	चं	मं	बु	गु	शु	श
स्पष्ट अंश	29°	10°	4°	0°	18°	4°	2°
कलादि	50′	44′	6′	16′	34′	45′	14′
	आत्म-कारक	भ्रातृ-कारक	पुत्र-कारक	स्त्री-कारक	अमात्य-कारक	मातृ-कारक	जाति-कारक

कारकांश कुण्डली साधन

कारकांश चक्रमिदम् बनाने की विधि यह है कि आत्मकारक ग्रह नवांश कुण्डली के जिस भाव में होता है, उसी भाव की राशि का कारकांश लग्न माना जाता है। ग्रहों की स्थापना चन्द्र कुण्डली के अनुसार की जाती है यानि चन्द्र कुण्डली में जिस-जिस राशि में ग्रह स्थित होते हैं वैसे ही लिख दिए जाते हैं।

उदाहरण में सूर्य आत्मकारक ग्रह है और नवांश कुण्डली में सूर्य कन्या राशि में है, अतः कारकांश लग्न कन्या राशि का ही होगा।

॥ कारकांश चक्रमिदम् ॥




श कुण्डली

कारकांश कुण्डली के पश्चात् स्वांश कुण्डली बनाई जाती है। कार-

वांश कुण्डली का जो लग्न होता है, वही लग्न स्वांश कुण्डली का भी ग्रहण करता है। स्वांश कुण्डली और कारकांश कुण्डली में मात्र ग्रहों के स्थान में अन्तर रहता है। कारकांश कुण्डली में जन्म लग्न जिस प्रकार की ग्रह स्थिति होती है तो नवमांश कुण्डली की भांति वही ग्रह स्थिति स्वांश में भी रहती है। नीचे उदाहरण लग्न का स्वांश चक्रमिदम् स्पष्ट करते हैं।

॥ स्वांश चक्रमिदम् ॥




पदलग्न कुण्डली

स्वांश चक्र के पश्चात् पदलग्न कुण्डली भी बनाई जाती है। पदलग्न कुण्डली को जन्मकुण्डली के आधार पर ही बनाया जाता है। इसे बनाने का सूत्र यह है कि लग्न से लग्नेश जिस स्थान पर स्थित होता है, लग्नेश से उतने स्थान बाद की राशि का लग्न पदलग्न होगा। मान लीजिए लग्नेश सप्तम भाव में है तो लग्न प्रथम भाव होगा। यदि लग्नेश अष्टम भाव में है तो तीसरे भाव की राशि का पदलग्न होगा।

लग्न के पश्चात ग्रहों को उन्हीं राशियों में लिख देते हैं जिनमें वे ग्रह लग्नकुण्डली में होते हैं। पूर्व उदाहरण की लग्न मीन है और लग्नेश गुरु चौथे स्थान में मिथुन राशि का है। चूंकि लग्न से लग्नेश चतुर्थ स्थान पर है, अतः लग्नेश से चतुर्थ स्थान यानि सप्तम स्थान की राशि कन्या ही पदलग्न रहेगा।

॥ पदलग्न चक्रमिदम् ॥




उप पदलग्न साधन

जन्मपत्रिका में पदलग्न के पश्चात उप पदलग्न चक्र बनाया जाता है। इसको बनाने के लिए भी जन्मकुण्डली को आधार माना जाता है। पदलग्न में लग्नेश को लेकर लग्नसाधन किया था। यहां द्वादशेष को लेकर साधन किया जाता है। उप पदलग्न बनाने का सूत्र इस प्रकार है।

यदि द्वादशेष द्वादश भाव में हो तो द्वादश भाव की राशि उप पदलग्न, द्वादशेष लग्न में हो तो दूसरे भाव की राशि उप पदलग्न अर्थात द्वादशेष द्वादश भाव से जिस भाव में होगा उस भाव से उतने भावपर्यन्त राशि का उप पदलग्न होगा।

उदाहरण कुण्डली में शनि द्वादशेष होकर छठे भाव में सिंह राशि का है, अतः उप पदलग्न एकादश भाव की राशि मकर होगी।

॥ उप पद लग्न चक्रमिदम् ॥



होरा लग्न साधन

होरा लग्न साधन की गणितात्मक विधि यह है कि इष्टकाल के घटी व पलों को 2 से गुणा करके 5 का भाग दें तो लब्धितुल्य राशि, शेष को 60 से गुणा कर पलों को जोड़कर 10 का भाग दें तो लब्धितुल्य अंश, शेष को 6 से गुणा कर लें तो फलादि प्राप्त होगी। इन प्राप्त राशि, अंश, कला में सूर्य स्पष्ट को जोड़ दिया जाये तो योगतुल्य होरा लग्न होगा। होरा लग्नचक्र में शेष ग्रहों की स्थिति जन्मकुण्डली के अनुसार ही रहती है।

पूर्व उदाहरण में इष्टकाल = 50 घटी 20 पल

इसे 2 से गुणा करके 5 का भाग दिया = $\frac{100.40}{5}$


```
      20
 5) 100.40
    100
      0
 ×   60
     0+40
10)  40 (4
     40
      ×
```

रा	अं
20	4
− 12	0
8	4

8 राशि 4 अंश में सूर्य स्पष्ट जोड़ा

सूर्य स्पष्ट	1.29 50.14	
	8. 4 0 0	
	10. 3 50.14	होरा लग्न

॥ होरा लग्न चक्रमिदम् ॥



ग्रहबल विचार

जन्मकुण्डली का यथार्थ फलकथन करने के लिए ग्रहबल पर विचार करना भी अति आवश्यक है। ग्रहबल छः प्रकार का माना गया है (इसे ही षड्बल साधन भी कहते हैं)

1. **स्थानबल**—पांच प्रकार के बलों का योग स्थानबल कहलाता है। ये पांच बल हैं उच्च बल, सप्तवर्गी बल, भांश बल, (युग्मायुग्म बल), केन्द्र बल, द्रेष्काण बल।

2. **दिग्बल।**

3. **कालबल**—यह चार बलों का योग होता है। ये चार प्रकार के बल हैं—नतोन्नत बल, पक्ष बल, दिवा-रात्रि त्रिभाग बल तथा वर्ष आदि बल (समाधि बल)।

4. **चेष्टा बल।**

5. **नैसर्गिक बल।**

6. **दृग्बल।**

1. स्थान बल साधन

उच्च बल—ग्रह के उच्च या नीच स्थान के अनुसार ही बल का भी विचार किया जाता है। जो ग्रह उच्चांशों में होता है, वह पूर्णबली ग्रह माना जाता है और जो नीचांशों में होता है वह बलहीन होता है। ग्रह के उच्चांशों और नीचांशों में 6 राशि का अन्तर रहता है अर्थात कोई उच्च का ग्रह जिस राशि में होता है उससे सातवीं राशि में नीच का या बलशून्य हो जाता है।

बल साधन करने के लिए ग्रह का पूर्ण बल एक अंश माना गया है।

उच्च बल साधन करने की गणितात्मक विधि यह है कि ग्रह स्पष्ट में से ग्रह का नीचांश घटा देना चाहिए। यदि घटाते समय ग्रह स्पष्ट की राशि में से नीचांश न घटे तो ग्रह स्पष्ट में 12 राशि जोड़कर घटा लेना चाहिए। शेष यदि 6 राशि से अधिक हो तो पुनः 12 से घटाना चाहिए एवं शेष को 3 से भाग देना चाहिए।

॥ उच्च-नीच राशि अंश बोधक सारणी ॥

	सूर्य	चन्द्र	मंगल	बुध	गुरु	शुक्र	शनि	राहु	केतु	ग्रह
राशि	0	1	9	5	3	11	6	2	8	उच्च
अंश	10°	3	28	15	5	27	20	0	0	
राशि	6	7	3	11	9	5	0	8	2	नीच
अंश	10°	3	28	15	5	27	20	0	0	

दूसरी विधि यह है कि ग्रह के स्पष्ट में से ग्रह के नीचांश घटा लेने चाहिएं। यदि शेष 6 राशि से अधिक है तो पुनः 12 में से घटाकर शेष की विकला बना लेनी चाहिएं तथा उन विकलाओं को 10800 पर भाग देना चाहिए। लब्धितुल्य कलादि होगी। शेष को 60 से गुणा करके 10800 का भाग देना चाहिए। लब्धि तुल्य विकलादि होंगी। इन कलादि के अंशादि बना लें। उदाहरण कुण्डली पर उपरोक्त विवेचन को घटित करते हैं।

सूर्य

सूर्य स्पष्ट = 1. 29. 50. 14

सूर्य के नीचांश ऋण किये = —6. 10. 0. 0

7. 19. 50. 14

शेष चूंकि 6 राशि से अधिक है, अतः इसे 12 में से घटाया—

12. 0. 0. 0
7. 19. 50. 14
4. 10. 9. 46 — शेष की विकला वनाईं

×30

120+10=130

×60

7800+9=7809

×60

468540+46=468586 विकलायें

468586÷10800=43.′ 23″

10800) 468586 (43
43200
36586
32400
4186
×60
10800) 251160 (23
21600
35160
32400
2760 शेष त्याज्य सूर्य का उच्च वल = 0°/43′/23″

0 अंश 43 कला 23 विकला

चन्द्र

चन्द्र स्पष्ट= 5. 10. 24. 48

नीच राश्यंश ग्रहण किये —7. 3. 0. 00

10. 7. 24. 48

6 राशि से अधिक होने से 12 में से घटाया

12. 0. 0. 0
—10. 7. 24. 48
1. 22. 25. 12

×30

30+22=52. 35. 12+3 — पहली रीति से

3) 52.35 (17
3
22
21
1
×60
60
+35
3) 95 (31
9
5
3
2 त्याज्य

चन्द्र उच्च वल = $0^0/17'/31''$

इसी प्रकार अन्न ग्रहों का उच्च बल निकाल लेना चाहिए। उदाहरण का उच्च वल चक्र निम्न प्रकार बनेगा।

॥ ग्रह उच्च बल चक्रमिवम् ॥

सू	चं	मं	बु	गु	शु	श	रा	के	ग्रह
0	0	0	0	0	0	0	0	0	अंश
43	17	2	25	54	27	34	27	27	कला
23	31	57	5	31	25	5	15	15	विकला

सप्तवर्गी बल

सप्तवर्ग में गृह, होरा, द्रेष्काण, सप्तमांश, नवमांश, द्वादशांश एवं त्रिशांश आते हैं। पीछे हमने दशवर्ग बल साधन किया था। उसी में से हम उपरोक्त सातों वर्गों का बल लेकर सप्तवर्ग बल चक्रमिदम् बनाते हैं।

।। सप्तवर्गी बल चक्रमिदम् ।।

गृह	होरा	द्रेष्काण	सप्तमांश	ग्रहवर्ग
1	2	1	1	अंश
39	0	37	37	कला
22	0	30	30	विकला

नवमांश	द्वादशांश	त्रिशांश	ग्रहवर्ग
1	1	1	अंश
39	52	35	कला
30	30	39	विकला

भांश या युग्मायुग्म बल

स्थान बल के अन्तर्गत यह तीसरा बल है। इस बल का साधन करने के लिए ग्रहों को स्त्री-पुरुष संज्ञा दी जाती है। ज्योतिष में चन्द्र और शुक्र को स्त्री संज्ञक ग्रह माना गया है। सूर्य, मंगल एवं गुरु को पुरुष संज्ञक तथा बुध एवं शनि को नपुंसक ग्रह माना है, किन्तु भांश बल साधन करने के लिए हम स्त्री व पुरुष, ये दो संज्ञाएं ही ग्रहों की मानेंगे। नपुंसक ग्रहों को भी पुरुष ग्रह मान लिया जाएगा।

राशियों में भी सम राशियां जैसे वृष, कर्क, कन्या आदि स्त्री संज्ञक और विषम राशियां जैसे मेष, मिथुन, सिंह आदि पुरुष संज्ञा वाली मानी जाती हैं। स्त्री ग्रह, सम राशि (स्त्री संज्ञक) में बलवान और पुरुष ग्रह विषम राशि (पुरुष संज्ञक) में बलवान होते हैं।

भांश बल निकालने के लिए लग्न कुण्डली को ही आधार माना जाता है। महर्षि पराशर जी के मत से जो ग्रह राशि और नवांश दोनों में—स्त्री ग्रह स्त्री संज्ञक राशि में तथा पुरुष ग्रह पुरुष संज्ञक राशि में—अपनी संज्ञा वाली राशियों में हों तो 15 कला बली ग्रह माना जाएगा अन्यथा वह शून्य बली होगा, किन्तु केशवाचार्य जी के मत से ग्रह कुण्डली या नवमांश किसी एक में भी अपनी संज्ञा वाली राशि में हो तो 15 कला वाला बली होगा। यदि दोनों में (कुण्डली एवं नवमांश) हो तो 30 कला वाला बली माना जाएगा।

हम महर्षि पराशर जी के मत से ही भांश बल साधन करते हैं।

कुण्डली में सूर्य सम राशि तथा नवांश में भी सम राशि में ही है। सूर्य पुरुष ग्रह है और स्त्री संज्ञक राशि में है। अतः शून्य बली हुआ। 0/0/0

चन्द्र स्त्री संज्ञक ग्रह है। कुण्डली (लग्न) में सम राशि तथा नवांश चक्र में विषम राशिस्थ होने से शून्य बली रहेगा। 0/0/0

बुध जन्मकुण्डली में विषम राशिस्थ तथा दशमांश में भी विषम राशिस्थ है, अतः 15 कला बली माना जाएगा। 0/15/0

मंगल जन्मकुण्डली और नवमांश दोनों में ही विषम राशिस्थ है, अतः 15 कला बली रहेगा। 0/15/0

गुरु लग्नकुण्डली में विषम राशि का तथा नवमांश में सम राशि का है, अतः शून्य बली रहेगा। 0/0/0

शुक्र लग्नकुण्डली में सम राशि तथा नवमांश में विषम राशिस्थ है, अतः शून्य बली माना जाएगा। 0/0/0

शनि लग्न कुण्डली और नवमांश दोनों में विषम राशिस्थ है, अतः इसका बल 15 कला रहेगा। 0/15/0

।। भांश (युग्मायुग्म) बल चक्रमिदम् ।।

सू	चं	मं	बु	गु	शु	श	ग्रह
0	0	0	0	0	0	0	अंश
0	0	15	15	0	0	15	कला
0	0	0	0	0	0	0	विकला

केन्द्रादि बल साधन

स्थान बल में यह चौथा बल है। इसका सूत्र यह है कि ग्रह केन्द्र में पूर्ण बली, पणफर में आधा और आपोक्लिम में चौथाई बली माना जाता है।

कुण्डली के प्रथम, चतुर्थ, सप्तम एवं दशम स्थान केन्द्र स्थान, द्वितीय, पंचम, अष्टम एवं एकादश पणफर तथा तृतीय, षष्ठ, नवम एवं द्वादश स्थान आपोक्लिम कहे जाते हैं।

केन्द्र में ग्रह का बल 1° अंश, पणफर में 30′ कला और आपोक्लिम में 15′ कला बल होता है।

उदाहरण कुण्डली में सूर्य तृतीय स्थान में है, अतः सूर्य का 15′ बल हुआ। चन्द्रमा सप्तम स्थान केन्द्र में है, अतः चन्द्रमा का 1° अंश बल हुआ। मंगल षष्ठ स्थान आपोक्लिम में होने से 15′ कला बली हुआ।

बुध केन्द्र स्थान (चतुर्थ) में होने से 1″ बली हुआ।

गुरु भी चतुर्थ (केन्द्र) स्थान में है, अतः 1″ बली हुआ।

शुक्र पंचम स्थान (पणफर) में है, 30′ कला बली हुआ।

शनि षष्ठ स्थान में होने से 15′ कला बल ही प्राप्त कर सका।

।। केन्द्रादि बल चक्रमिदम् ।।

सू	चं	मं	बु	गु	शु	श	ग्रह
0	1°	0	1°	1°	0	0	अंश
15′	0	15′	0	0	30′	15′	कला
0	0	0	0	0	0	0	विकला

द्रेष्काण बल साधन

स्थान बल में यह पांचवां बल है। सप्तवर्गी बल में ही हम द्रेष्काण बल साधन कर चुके हैं, उसी के अनुसार ग्रहों का बल विचार किया जाएगा। यह हम जानते ही हैं कि एक राशि में तीन द्रेष्काण होते हैं। द्रेष्काण बल साधन करने का सूत्र यह है कि प्रथम द्रेष्काण में पुरुष ग्रह यानि सूर्य, मंगल व गुरु बली होते हैं। दूसरे द्रेष्काण में नपुंसक ग्रह यानि बुध व शनि

बलवान रहते हैं तथा तीसरे द्रेष्काण में स्त्री ग्रह चन्द्र एवं शुक्र बली माने जाते हैं।

उदाहरण कुण्डली में सूर्य तृतीय द्रेष्काण में है अतः शून्य बली हुआ, स्व द्रेष्काण में होने से ग्रह 15′ कला बली अन्यथा शून्य बली होता है।

चन्द्रमा द्वितीय द्रेष्काण में है, अतः शून्य बली हुआ।

मंगल प्रथम द्रेष्काण में है, अतः 15′ कला बली रहा।

बुध प्रथम द्रेष्काण में है, अतः शून्य बली रहेगा।

गुरु द्वितीय द्रेष्काण में होने से शून्य बली रहेगा।

शुक्र प्रथम द्रेष्काण में होने से शून्य बली रहेगा।

शनि प्रथम द्रेष्काण में होने से शून्य बली रहेगा।

।। द्रेष्काण बल चक्रमिदम् ।।

सू	चं	मं	बु	गु	शु	श	ग्रह
0	0	0	0	0	0	0	अंश
0	0	15′	0	0	0	0	कला
0	0	0	0	0	0	0	विकला

पहले हमने जो उदाहरण लिया है उसका स्थान बल चक्र पृष्ठ 168 पर दिया जा रहा है। इसमें उच्च बल, सप्तवर्गी बल, केन्द्र बल एवं द्रेष्काण आदि बलों का योग रहता है।

दिग्बल साधन

दिग्बल साधन में स्थित प्रत्येक ग्रह के बल पर विचार किया जाता है। ज्योतिष में प्रत्येक ग्रह और भाव की दिशाएं निश्चित रहा करती हैं। जब ग्रह और उस भाव की (जिसमें ग्रह स्थित है) एक ही दिशा हो तो ग्रह पूर्णबली माना जाता है। अन्यथा होने से उसी अनुपात से बल कम होता जाता है। यह हम पहले ही जान चुके हैं कि ग्रह केन्द्र में बलवान होता है। किस केन्द्र में कौन-सा ग्रह बलवान होता है, यह पृष्ठ 169 पर दिए गए चक्र से भली-भांति ज्ञात हो जाएगा।

।। स्थान बल चक्रमिदम् ।।

	सूर्य	चन्द्र	मंगल	बुध	गुरु	शुक्र	शनि	ग्रह
उच्च बल	0°	0	0	0	0	0	0	अंश
	43′	17′	2′	25′	54′	27′	34′	कला
	23″	31′	57″	5″	31″	25″	5″	विकला
सप्तवर्गी बल	1°	1°	1°	3°	1°	1°	0°	अंश
	53′	52′	41′	7′	34′	30′	40′	कला
	30″	30″	15″	30″	14″	0″	14″	विकला
भांश बल	0	0	0	0	0	0	0	अंश
	0	0	15′	15′	0	0	15′	कला
	0	0	0	0	0	0	0	विकला
केन्द्रादि बल	0	1°	0	1°	1°	0	0	अंश
	15′	0	15′	0	0	30′	15′	कला
	0	0	0	0	0	0	0	विकला
द्रेष्काण बल	0	0	0	0	0	0	0	अंश
	0	0	15′	0	0	0	0	कला
	0	0	0	0	0	0	0	विकला
योग स्थान बल	2°	3°	2°	4°	3°	2°	1°	अंश
	51′	10′	29′	47′	28′	27′	44′	कला
	53″	1″	12″	35″	45″	25″	19″	विकला

।। ग्रह-भाव दिशा चक्र ।।

ग्रह	सूर्य	चन्द्र	मंगल	बुध	गुरु	शुक्र	शनि
ग्रहदिशा	दक्षिण	उत्तर	दक्षिण	पूर्व	पूर्व	उत्तर	पश्चिम
भाव	दशम	चतुर्थ	दशम	लग्न	लग्न	चतुर्थ	सप्तम
भावदिशा	दक्षिण	उत्तर	दक्षिण	पूर्व	पूर्व	उत्तर	पश्चिम

ऊपर वाले चक्र में जिस प्रकार की गई स्थिति दी है, यदि जन्म लग्न में भी ग्रह की यही स्थिति हो तो वह पूर्ण बली माना जाएगा। यदि वह बली स्थान से 6 राशि आगे चला जाएगा तो निर्बली अर्थात शून्य बल वाला होगा, दिग्बल निकालने का सूत्र यह है, सूर्य व मंगल स्पष्ट में से चतुर्थ भाव स्पष्ट निकालने से सूर्य व मंगल का दिग्बल निकल आएगा। बुध व गुरु स्पष्ट में से सप्तम भाव घटाने से बुध व गुरु का दिग्बल प्राप्त होगा। चन्द्र व शुक्र स्पष्ट में से दशम भाव कम कर देने से चन्द्र व शुक्र का दिग्बल तथा शनि स्पष्ट में से लग्न स्पष्ट घटा देने से शनि का दिग्बल निकल आएगा। ग्रह स्पष्ट में से ग्रह के निर्बली स्थान स्पष्ट को घटाने से जो संख्या बचती है उसके अंश बनाकर 3 का भाग देने से ग्रह का दिग्बल मिल जाता है। यदि शेष संख्या 6 राशि, अधिक हो तो 12 में से शेष को घटाकर जो शेष बचे उसके अंश बनाकर तीन का भाग देना चाहिए।

उदाहरण कुण्डली सूर्य स्पष्ट में से = 1.29.50.14
चतुर्थ भाव कम किया = —2.16.19.51
11.13.30.23

चूंकि शेष 6 राशि से अधिक है, अतः 12 में से घटाया
12. 0. 0. 0
11.13.30.23
0.16.29.37 ÷ 3 = 5.29.52

सूर्य बल = 5 कला, 29 विकला तथा 52 प्रतिविकला

चन्द्र स्पष्ट = 5.10.44.48
दशम भाव कम किया = —8·16.19.51

8.24.24.57

6 राशि से अधिक शेष होने से 12 में से घटाया

12. 0. 0. 0
8.24.24.57

3. 5.35. 3
×30

90+5=95

95.35.3÷3=31.51.41

चन्द्र बल=31 कला, 51 विकला तथा 41 प्रतिविकला

मंगल स्पष्ट = 4. 6.51.35
चतुर्थ भाव कम किया = —2.16.19.51

1.20.31.44

×30

30+20=50.31.44

50.31.44÷3=16.50.35

मंगल बल=16 कला, 50 विकला तथा 35 प्रति विकला

बुध स्पष्ट = 2. 0.16.24
सप्तम भाव कम किया = —5.21.32. 3

8. 8.44.21

6 राशि से अधिक होने से 12 में से शेष को घटाया

12 0 .0 .0
— 8. 8.44 .21

3.21.15.39
×30

90+21=111.15.39÷3=37.5.13

बुध बल=37 कला, 5 विकला और 13 प्रति विकला

गुरु स्पष्ट = 2.18.34.8
सप्तम भाव स्पष्ट कम किया = —5.21.32.8

8.27 .2.5

6 राशि से शेष अधिक है, अतः 12 में से घटाया

12.0.0.0
— 8.27.2.5

3.2.57.55
×30

90 + 2=92.57.55÷3=30.59.18

गुरु बल=30 कला, 59 विकला तथा 18 प्रति विकला

शुक्र स्पष्ट = 3. 4.45.35
दशम भाव को घटाया = — 8.16.19.51

6.18.25.44

6 राशि से शेष अधिक है, अतः 12 में से घटाया

12. 0. 0. 0
— .6.18.25.44

·5.11.34.16
×30

150+11=161.34.16÷3=57.11.25

शुक्र बल=57 कला, 11 विकला तथा 25 प्रतिविकला

शनि स्पष्ट = 4. 2.14.36
लग्न भाव घटाया = —11.21.32. 3

4.10.42.33
×30

120+10=130.42.33÷3=43.34.11

शनि बल=43 कला, 34 विकला 11 प्रतिविकला

।। ग्रह दिग्बल चक्रमिदम् ।।

सूर्य	चन्द्र	मंगल	बुध	गुरु	शुक्र	शनि	ग्रह
5	31	16	37	30	57	43	कला
29	51	50	5	59	11	34	विकला
52	41	35	13	18	25	11	प्रतिविकला

कालबल साधन

चार प्रकार के बलों को मिलाकर कालबल बनता है। नतोन्नत बल पक्षबल, दिन-रात्रि त्रिभागबल और समाधिबल। समय के अनुसार जो ग्रह का बल रहता है, वही कालबल कहा जाता है।

नतोन्नत बल साधन

नत का विचार मध्याह्न काल एवं उन्नत का विचार अर्द्धरात्रि काल से किया जाता है। नत और उन्नत के विचार से ग्रह का जो बल निकाला जाता है वह नतोन्नत बल कहा जाता है।

चन्द्र, मंगल व शनि ये तीनों ग्रह रात्रिकाल में बली एवं अर्द्धरात्रिकाल में पूर्ण बली तथा दिन को बलहीन होते हैं। मध्याह्न में ये शून्यबली कहे जाते हैं।

इनका नतोन्नत बल निकालने की गणितात्मक विधि यह है कि जितना इष्टकाल हो उससे मध्याह्न (नत) अन्तर निकालकर बल निकालते हैं। 30 घटी में पूर्णनत बल 60′ कला माना जाता है। इष्ट नत में कितना बल होगा। इस प्रकार नत को 30 पर भाग देने से चन्द्र, मंगल व शनि का नतोन्नत बल निकल आता है।

सूर्य, शुक्र एवं गुरु ये तीनों ग्रह मध्याह्न में पूर्णबली, रात्रि में हीनबली तथा अर्द्धरात्रि में शून्यबली माने जाते हैं। इनका बल निकालने के लिए अर्द्धरात्रि के अन्तर (उन्नत) को लेना पड़ता है। उन्नत को 30 पर भाग देने से इन तीनों का बल प्राप्त हो जाता है।

बुध दिन और रात्रि दोनों कालों में बली होने से इसका एक अंश बल

सदैव बना रहता है।

उदाहरण में इष्टकाल=50 घटी 20 पल

दिनमान=34 घटी 32 पल

अर्द्ध रात्रि के पश्चात् का इष्टकाल होने से इसे 60 घटी में से घटाया

  60. 0
—50.20
  9.40 शेष

इसमें दिनार्ध जोड़ा$=\frac{\text{दिनमान}}{2}=\frac{34.32}{2}=$दिनार्ध

  9.40
+17.16
 26.56 पूर्वनत

30—पूर्वनत=पूर्वउन्नत=30.26.56=3.4 पूर्वउन्नत

सूर्य, गुरु व शनि का नतोन्नत बल=उन्नत×2=

60—पूर्व उन्नत×2=उन्नत बल

3·4×2=6′.8″ उन्नत बल

60—0—6.8=53′.53″ सूर्य, गुरु व शनि का बल

6′.8″ चन्द्र, शुक्र एवं मंगल का बल

60′.0 बुध का बल

।। नतोन्नत बलचक्र ।।

सूर्य	चन्द्र	मंगल	बुध	गुरु	शुक्र	शनि	ग्रह
0	0	0	0	0	0	0	अंश
53′	6′	6′	0	53′	6′	53′	कला
52″	8″	8″	0	52″	8″	52″	विकला

पक्षबल — कालबल का यह एक दूसरे प्रकार का बल होता है। किसी भी माह में दो पक्ष हुआ करते हैं, शुक्ल पक्ष और कृष्ण पक्ष। पक्ष के अनुसार भी प्रत्येक ग्रह के बलाबल का विचार किया जाता है। पक्ष चन्द्रमा से

सम्बन्धित होने से चन्द्रमा जब शुक्ल द्वितीया से बढ़ना प्रारम्भ होता है तो शुभ ग्रहों—बुध, गुरु, शुक्र—को बल प्रदान करता है व पाप ग्रहों—(सूर्य, मंगल, शनि—के बल को क्षीण करता है। पूर्णिमा को पूर्णतया शुभता प्रदान करने से शुभ ग्रहों का बल 60′ कला और पाप ग्रहों का बल 0′ कला हो जाता है।

पूर्णिमा के पश्चात् कृष्ण पक्ष की बारी आने से पापी ग्रह बली होने लगते हैं और शुभ ग्रह हीनबली होने लगते हैं। अमावस्या को पाप ग्रह पूर्ण बल (60′ कला) प्राप्त कर लेते हैं जबकि शुभ ग्रह शून्यबली हो जाते हैं।

